भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 804

जिसका उत्तर दिनांक 27.07.2023 को दिया जाना है

होमी भाभा चेयर योजना

804 **डा. सांतनु सेन :**

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या होमी भाभा चेयर योजना के अंतर्गत मानदेय, अवधि या स्लॉट की संख्या बढ़ाने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

(ग) क्या इस योजना का लाभ उठाने में महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और हाशिए पर रहने वाले अन्य वर्गों को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रावधान है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या होमी भाभा चेयर योजना के लिए आवेदन करने हेतु सक्षम उम्मीदवारों को जागरूक और प्रोत्साहित करने के लिए कोई जागरूकता या आउटरीच कार्यक्रम है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) तथा (ख) मामले की समय-समय पर विधिवत् समीक्षा की जाती है।

(ग) तथा (घ) यह योजना प्रख्यात वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए है, इसमें वे सभी श्रेणियों के कार्मिक शामिल हैं जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं और संवेदनशील और/या सूक्ष्म प्रौद्योगिकियों के विकास में कार्यरत थे। यह योजना वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों द्वारा अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे ऐसे अनुसंधान और विकास कार्य बढ़ाने से संबंधित है जो परमाणु ऊर्जा विभाग के लिए भी लाभदायक हो।

(ङ) होमी भाभा चेयर योजना डीएई वेबसाइट: https://dae.gov.in/homi-bhabha-chair/ और बीआरएनएस वेबसाइट: https://brns.res.in/brns_hbc.php पर उपलब्ध है।

* * * * *